हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 जनवरी 2026

04 अब सेमीफाइनल में चार टीमों की कांटे की...





09 नए सवेरे और नए विश्वास के साथ नववर्ष 2026 का किया स्वागत





## समाचार संक्षेप

### सेवा कार्य से मनेगा सिंधिया का जन्मदिन - नपाध्यक्ष



गुना । नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हमारे लाडले सांसद, विकास के मसीहा, जन नायक केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया जायेगा। सेवा 1 जनवरी को प्रातः 9 बजे नजूल कॉलोनी, वार्ड क्रमांक 18 के नवीन पार्क का नामकरण राजमाता साहब के नाम किया जायेगा तथा पार्क में पौधरोपण किया जाएगा, इसके पश्चात प्रातः 10 बजे कैंट गोशाला में गायों को गुड़ एवं हरा चारा खिलाया जाएगा। 10 :45 बजे अन्नपूर्णा भोजनालय, सेवा भारती, जिला चिकित्सालय में भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा इसके पश्चात दोपहर 12 गरीब वस्ती कंचनपुरा में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। सांय 6 बजे वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को भोजन करवा कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने उक्त कार्यक्रमों में शहर के सभी सम्माननीय पार्षद गणों, भाजपा के वरिष्ठ जनों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से सेवाकार्य में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### कलेक्टर कन्याल ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल,बच्चों से किया संवाद



गुना। शीत ऋतु के मद्देनज़र कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय गढ़ला गिर्द का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने जरूरतमंद व्यक्तियों को स्वयं कंबल, ऊनी वस्त्र एवं बच्चों को खाद्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर कन्याल ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके भविष्य के सपनों के बारे में जानकारी ली। बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपने लक्ष्य साझा किए, जिसमें कुछ बच्चों ने सरपंच बनने की इच्छा भी व्यक्त की। इस दौरान बच्चों ने दो का पहाड़ा, कविता, कहानी और गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।कलेक्टर ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि "ये प्रतिभाएं हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इन्हें आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सभी की है।" उन्होंने बच्चों को माला पहनाकर सम्मानित भी किया।
मानवीय सरोकारों को और सुदृढ़ करते हुए कलेक्टर ने आम नागरिकों, सामाजिक संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों से सहयोग की भावपूर्ण अपील की। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड के इस दौर में जरूरतमंदों को कंबल, गर्म कपड़े एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के प्रत्येक वर्ग का योगदान राहत कार्यों को अधिक व्यापक और प्रभावी बना सकता है।इस अवसर पर एसडीएम शिवानी पांडे, तहसीलदार कमल मंडेरिया, जनपद पंचायत सीईओ गौरव खरे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नववर्ष पर शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी

**गुना** । नववर्ष 31 दिसंबर की रात्रि एवं 1 जनवरी के अवसर पर जिले में कानून व्यवस्था, लोक शांति तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) के अंतर्गत विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।
जारी आदेशानुसार कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवदेन पर जिले की सीमा में रात्रि समय लाउडस्पीकर, डीजे, साउंड सिस्टम आदि का संचालन शासन एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाएगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात रात्रि में डीजे/लाउडस्पीकर का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, क्लब, मैरिज गार्डन, फार्महाउस एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर देर रात्रि तक अनियंत्रित अथवा नियम विरुद्ध संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

# चाइनीज मांझे से कटी दूध विक्रेता की गर्दन, हालत गंभीर

### बजरंगगढ़ रोड ओवरब्रिज पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का बड़ा खतरा एक बार फिर सामने आया है। अपनी पत्नी और बच्चे के साथ दूध बेचने गुना आ रहे कुंदा गांव निवासी जमनालाल उर्फ जैमा बंजारा की गर्दन चाइनीज मांझे से कट गई। यह हादसा आरोन बस स्टैंड के पास रेलवे ओवरब्रिज पर हुआ, जहां सड़क के ऊपर लटक रहे मांझे की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करते हुए घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

#### क्या है पूरा मामला

दरअसल बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के कुंदा गांव में रहने वाला जैमा बंजारा बुधवार सुबह तकरीबन 11 बजे अपनी पत्नी और भाई के साथ दूध बेचने गुना आ रहा था। जैसे ही वह बजरंगगढ़ रोड स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर पहुंचा, वैसे ही ब्रिज पर लटक रहा चाइनीज मांझा उसकी गर्दन से उलझ गया। इस हादसे में जैमा बंजारा की गर्दन बुरी तरह कट गई, जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

#### रोक के बाद भी चाइनीज मांझे की बिक्री

गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा चाइनीज मांझे पर पहले से ही प्रतिबंध लगाया गया है, इसके बावजूद ऐसे हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस ने मामले की जानकारी ली और लोगों से अपील की कि वे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का उपयोग न करें। साथ ही इसकी बिक्री या इस्तेमाल की सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई जारी

गुना । खनिज पदार्थों के अवैध परिवहन, भंडारण एवं उत्खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन के निर्देशों के क्रम में खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को खनिज विभाग की टीम ने बजरंगगढ क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध परिवहन में लिप्त 1 डंपर को जब्त किया है। बजरंगगढ में खनिज टीम को जांच के दौरान 01 डंपर क्रमांक **MP**04 **GA** 5060 द्वारा ईटीपी में उल्लेखित खनिज मात्रा से अधिक खनिज मात्रा का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर डंपर को जब्त थाना बजरंगगढ की अभिरक्षा में रखवाया गया हैं।

### प्रथम स्थान पर राजस्थान, दूसरे पर हरियाणा व तीसरे स्थान पर मणिपुर

# 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा का हुआ समापन और पुरस्कार वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




खेलों के क्षेत्र में गुना जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाली शालेय 69वीं 14 वर्षीय बालक राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का गुना स्थित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के नोडल खेल केंद्र पर समापन हुआ। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 26 से 31 दिसंबर 25 तक आयोजित की जा रही थी, जिसमें देशभर के 27 राज्यों एवं 7 संगठनों से 341 खिलाड़ी और 79 कोच और मैनेजर मिलाकर कुल 420 खिलाड़ी एवं ऑफिशियल स्टाफ पधारे थे।कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि गुना विधायक पन्नालाल शाक्य के आतिथ्य में हुआ। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी, एसजीएफआई ऑब्जर्वर शरद पंसारी, डीईओ राजेश गोयल, सहायक संचालक प्रेरणा गुप्ता, बीईओ गरिमा टोप्पो, डाइट प्राचार्य एस के वशिष्ठ,जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं मध्यप्रदेश टीम मैनेजर देवेंद्र सिंह पटेरिया, अंकुर श्रीवास्तव, रमेश मालवीय, प्राचार्य एचएन जाटव, नवोदय प्राचार्य एचएन मीणा,प्राचार्य मृदुला सक्सेना, प्राचार्य आरती श्रीवास्तव, सेवानिवृत प्राचार्य आशिफ खान, सेवानिवृत जिला क्रीड़ा अधिकारी सुरेंद्र पाल सिंह परिहार तथा मध्यप्रदेश टीम के कोच अंकित देशमुख उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। समापन समारोह में वंदना कॉन्वेंट स्कूल, नवोदय विद्यालय एवं शासकीय कन्या कैंट विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने सराहा।कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को एनसीसी के जवान एवं उत्कृष्ट स्कूल के बैंड द्वारा स्वागत करते हुए मंच का तक लेकर आए।

#### फाइनल में हुए 11 मुकाबले

बॉक्सिंग के फाइनल के कुल 11 मुकाबले हुए। जिनमें 28 से 30 किलो वजन वर्ग में तमिलनाडु के विजयशीलन, 30 से 32 किलो वजन वर्ग में राजस्थान के यश, 32 से 34 किलो वजन वर्ग में सीबीएससी वेलफेयर के लोकेश,34 से 36 किलो वजन वर्ग में हरियाणा के निशांत, 36 से 38 किलो वजन वर्ग में राजस्थान के छत्रपाल,38 से 40 किलो वजन वर्ग में राजस्थान के अनिराज,40 से 42 किलो वजन वर्ग में असम के आकाश,44 से 46 किलो वजन वर्ग में मणिपुर के ओनिम,46 से 48 किलो वजन वर्ग में दिल्ली के श्याम, 48 से 50 किलो वजन वर्ग में अरुणाचल प्रदेश के समराना और 42 से 44 किलो वजन वर्ग में मध्य प्रदेश के अमृत को हराकर दिल्ली के वीर ने 3:2 से जीत हासिल कर इन सभी खिलाडियों ने गोल्ड मेडल हासिल किए। प्रतियोगिता में बेस्ट जज एवं रेफरी का अवार्ड मध्य प्रदेश के संतोष अर्गल और अजीत सोलंकी ने प्रात किया। बेस्ट बॉक्सर ऑफ टूर्नामेंट अवार्ड मणिपुर के ओनिम ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजस्थान रहा जिसने 8 पदक दूसरे स्थान पर हरियाणा के 6 पदक एवं तीसरे स्थान पर मणिपुर 3 पदकों के साथ रहा।

इस अवसर पर आशीष टांटिया, मुकुंद शर्मा एवं रत्नेश नामदेव द्वारा मंच संचालन किया गया। आभार देवेंद्र पटेरिया ने व्यक्त किया। नोडल खेल प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि आज के कार्यक्रम यातायात प्रभारी हरिसिंह रघुवंशी, भानू चौरसिया, पुरुस्कार वितरण समिति के सह संयोजक देवेंद्र शर्मा, मदन महामन मैश समिति में विजय पंचोली और उनकी टीम,संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति भगवत झा,मनोज सोपारा प्रवीण खांडेकर, आवास समिति में कुलदीप रघुवंशी जितेंद्र रजक ,रोहित कुशवाह मार्चपास्ट समिति यशवंत शर्मा ,कमल सिंह राजावत आदि उपस्थित रहे।

### विदेशी फाइटर्स नहीं, पौराणिक पात्रों व पहलवानों को बनाएं आदर्श




विधायक पन्नालालइस मौके पर विधायक पन्नालाल शाक्य ने खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाडिय़ों को विदेशी फाइटर्स को नहीं, बल्कि भारतीय पौराणिक पात्रों और पहलवानों को अपना आदर्श बनाना चाहिए। विधायक ने कहा कि हम ब्रूस ली को आदर्श बना लेते हैं, लेकिन कभी जामवंत और बाली की तरफ नहीं देखते। ये ऐसे योद्धा थे जो चुटकी बजाते ही सामने वाले को धूल चटा देते थे। हमें दारा सिंह का नाम भी ध्यान रखना चाहिए। विधायक शाक्य ने इशारों में देश के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि एक हजार साल बाद ऐसा महापुरुष पैदा हुआ है। अगर हमने उसे संबल (ताकत) नहीं दिया, तो मेडल जीतना कोई मायने नहीं रखता। उन्होंने खिलाडिय़ों को आगाह करते हुए कहा कि देश में कई तरह के षड्यंत्र चल रहे हैं, जिन पर हमारी नजर नहीं जाती, इसलिए हमें सजग रहने की जरूरत है। शिक्षा और अपनी जिम्मेदारी पर बात करते हुए उन्होंने गुरुजनों से अपील की कि विद्या को व्यापार न बनाएं, यह दान का विषय है। उन्होंने अपनी राजनीतिक जिम्मेदारी पर कहा कि उन्हें दुनिया भर की बातों से मतलब नहीं है, वे सिर्फ गुना विधानसभा की चिंता करते हैं। अगर क्षेत्र में कुछ गलत होगा, तो वे उस पर जरूर बोलेंगे।

### राघौगढ़ पुलिस ने एक लाख का गांजा पकड़ा, तस्कर गिरफ्तार

**गुना**। नशा मुक्त गुना अभियान के तहत राघौगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग एक लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त कर एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जेपी कॉलेज के पीछे अचकलपुर मार्ग पर एक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए खड़ा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मौके से जमनालाल उर्फ मुन्ना कुशवाह (55) निवासी ग्राम भमावद को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 3.508 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ।आरोपी के खिलाफ राघौगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 367/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पुलिस आरोपी के नेटवर्क और गांजा तस्करी के अन्य स्त्रोतों की भी जांच कर रही है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में की गई।





# पीएम आवास परिसर फायरिंग कांड का हुआ खुलासा

### पुरानी रंजिश में हवाई फायरिंग, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कैंट थाना पुलिस ने जगनपुर चक स्थित पीएम आवास परिसर में हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना का सफल खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह फायरिंग पुरानी रंजिश के चलते क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बनाने के उद्देश्य से की गई थी।

गौरतलब है कि 21 दिसंबर की रात कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत जगनपुर चक स्थित पीएम आवास परिसर में अज्ञात बदमाशों द्वारा हवाई फायर किए गए थे, जिससे स्थानीय रहवासियों में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई थी। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।इस संबंध में कैंट थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1125/25, धारा 125 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 110 बीएनएस (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) का इजाफा किया गया।

**कलेक्टर-एसपी ने किया था निरीक्षण :** घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीएम आवास परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी तथा सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कैंट थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों की तलाश में सघन अभियान चलाया। तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों की पहचान की गई।

**दहशत फैलाने के लिए की गई थी फायरिंग:** लगातार दबिशों के बाद पुलिस ने परमानंद पुत्र चंद्रमोहन किरार (25 वर्ष) एवं रोहित पुत्र चंद्रमोहन किरार (21 वर्ष) निवासी ग्राम परवाह थाना धरनावदा, हाल निवासी विन्ध्यांचल कॉलोनी, गुना को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने साथी अरुण किरार एवं अन्य दो परिचितों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते लोगों में दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की थी। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# पतंजलि की सायंकालीन निशुल्क नवीन योग कक्षा का शुभारंभ

### स्वतंत्रता पार्क गुना में लगेंगी कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पतंजलि की सायंकालीन निशुल्क योग कक्षा का शुभारंभ पीजी कॉलेज के सामने स्वतंत्रता पार्क गुना में भाजपा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार ने किया पतंजलि के जिला सोशल मीडिया प्रभारी नरोत्तम यादव ने बताया कि योग क्लास का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया, मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार विशिष्ट अतिथि हरि सिंह यादव (संरक्षक पतंजलि, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि तथा प्रदेश भाजपा का य ा का रि णी सदस्य) का पतंजलि परिवार के सभी सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर सम्मान स्वागत किया गया, पतंजलि की आगामी कार्य योजना के अनुसार जिन स्थानों पर प्रातः कालीन योग कक्षाएं चल रही है वहां पर सायं कालीन योग कक्षाओं को भी प्रारंभ किया जाए तथा जहां पर प्रातः कालीन योग कक्षाएं चल रही है उनकी संख्या और बढाई जाए इसी क्रम में पतंजलि द्वारा शहर में सायं कालीन योग कक्षा को प्रारंभ किया गया योग गुरु स्वामी रामदेव के विचार अनुसार घर-घर योग की गंगा पहुंचाने की दिशा में गुना शहर में अब सायं कालीन योग कक्षा का प्रारंभ पतंजलि परिवार माध्यम से शुरू किया गया शहर वासियों के लिए सायं कालीन योग कक्षा की शुरुआत स्वतंत्रता पार्क पी.जी. कॉलेज के सामने गुना (मध्य प्रदेश) में किया गया यह योग कक्षा साय 5:00 बजे से 6.30:00बजे तक सायं काल में चलेगी योग कक्षा पतंजलि योग समिति के सहयोग से पूर्णतः निशुल्क होगी, जो योग साधक भाई बहन प्रातः कालीन योग में किन्ही करणो से सम्मिलित नहीं हो सकते उनके लिए यह सुनहरा अवसर पतंजलि परिवार द्वारा शहर वासियों को प्रदान किया जा रहा है।




### एक जनवरी को पूरे दिन जिले भर में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन किए जाएंगे

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जन्मदिन ने चलाया स्वच्छता अभियान व पौधरोपण







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंद्रीय दूरसंचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में गल्ला मंडी स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्मृति पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें युवा मोर्चा एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने चबढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । इस दौरान ग्यारह फलदार पौधों का रोपण भी किया गया और प्रसादी वितरण भी किया गया ।जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चों के कार्यकर्ताओं द्वारा समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है और इसी क्रम मे आज एक दिन पूर्व युवा मोर्चा द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गए वहीं कल एक जनवरी को पूरे दिन जिले भर में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक आयोजन किए जाएँगे ।आज प्रातः स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,भाजयुमो ज़िलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह धाकड़,शैलेंद्र रघुवंशी,नीरज निगम,सूर्यकांत जगताप,मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव,शुभम रघुवंशी,कवीन्द्र चौहान,प्रबल रघुवंशी,जयदीप रघुवंशी ,विनोद ओझा आदि उपस्थित रहे ।

### बजरंगगढ़ में विमान उत्सव से पहले शहर से बजरंगगढ़ तक निकली भव्य पदयात्रा

**गुना**। बजरंगगढ़ में 1 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले विमान उत्सव के उपलक्ष में 31 दिसंबर 2025 को गुना के चौधरी मोहल्ला स्थित बड़े जैन मंदिर से बजरंगगढ़ के लिए एक भव्य पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा महाराज जी के पावन सानिध्य में प्रारंभ हुई। पदयात्रा में समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बुजुर्ग पुरुषों एवं महिलाओं के साथ-साथ छोटे बच्चों ने भी श्रद्धा और भक्ति भाव से पदयात्रा में सहभागिता की। आयोजन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन भी उपस्थित रहा।



**समाचार संक्षेप**

## सहायक राजस्व निरीक्षक के सेवानिवृत्त होने पर गरिमामय समारोह में भावभीनी विदाई



**आरोन।** कार्यालय नगर परिषद आरोन में बुधवार को सहायक राजस्व निरीक्षक मुन्ना लाल अहिरवार के 41 साल की शासकीय सेवा उपरांत सेवानिवृत्त होने के अवसर पर एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी एवं अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा उनके दीर्घकालीन, ईमानदार एवं कर्तव्यनिष्ठ सेवाकाल की सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन और उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि मुन्ना लाल अहिरवार ने अपने सेवाकाल के दौरान अनुशासन, समर्पण एवं निष्ठा के साथ कार्य को किया है। कार्यक्रम का संचालन एवं अंत में आभार प्रदर्शन शेख जिगर खान द्वारा किया और उनके सुखद सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।इस अवसर पर उपस्थित नगर परिषद समस्त स्टाफ, अध्यक्ष महोदय, उपाध्यक्ष महोदय, एवं पार्षदगण महोदय द्वारा उन्हें भगवान श्री राम का चित्र, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्ज्वल, स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

## धाकड़ परिवार ने सजाया खाटू श्याम का भव्य दरबार, भजनों पर झूमे नाचते रहे श्रद्धालु



**आरोन।** धाकड़ परिवार द्वारा सिरोंज रोड स्थित बालाजी सरकार मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था और विश्वास के साथ खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और बाबा श्याम के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। डॉ. जगदीश धाकड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि खाटू श्याम के प्रति गहरी आस्था और विश्वास के चलते मंदिर परिसर में यह दरबार सजाया गया है। बीते वर्ष के सुखद पलों के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए तथा आने वाला वर्ष सभी के लिए मंगलमय, सुख-समृद्धि और खुशहाली से भरा हो—इसी भावना के साथ यह आयोजन किया गया।दरबार को आकर्षक फूलों, रोशनी और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। इस अवसर पर स्थानीय कलाकारों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजनों की स्वर लहरियों पर खाटू श्याम के भक्त झूमते, नाचते और बाबा के जयकारे लगाते नजर आए।कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार एवं समाज की सुख-शांति की कामना की। आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।धाकड़ परिवार द्वारा आयोजित यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर सामने आया, जिसने क्षेत्र में धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल को और अधिक सशक्त किया।

शहीदों की स्मृति में जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल संपन्न

# अब सेमीफाइनल में चार टीमों की कांटे की टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



राजा बलभद्र स्टेडियम में शहीद सब इंस्पेक्टर राजकुमार जाटव, प्रधान आरक्षक नीरज भार्गव एवं आरक्षक संतराम मीणा के बलिदान की पावन स्मृति में आयोजित जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट (द्वितीय संस्करण) का क्वार्टर फाइनल राउंड सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। शहीदों को समर्पित इस टूर्नामेंट में जिले की लगभग 16 टीमों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया, जिनमें से अब चार सर्वश्रेष्ठ टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं।आयोजकों के अनुसार आगामी सेमीफाइनल मुकाबले और भी अधिक कड़े व रोमांचक होंगे, जिनका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। टूर्नामेंट का उद्देश्य न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देना है, बल्कि शहीदों के बलिदान को स्मरण कर समाज में देशभक्ति और एकता का संदेश भी देना है।टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 50,000 नगद विशाल रघुवंशी, सारड़ उमर पटेल एवं पटेल जींस होम के सहयोग से प्रदान किया जाएगा, जबकि द्वितीय पुरस्कार 25,000 नगद नीरज यादव सगाबरखेड़ा द्वारा रखा गया है। विजेता और उपविजेता टीमों को दी जाने वाली ट्रॉफी प्रवेश रघुवंशी सरपंच पनवाड़ी हाट द्वारा तथा प्रतीक चिन्ह ममता राजू सोनी द्वारा प्रदान किए गए हैं।टूर्नामेंट का शुभारंभ 24 जनवरी को हुआ था। प्रत्येक मैच से पूर्व मुख्य अतिथियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में उमा पटवा द्वारा राष्ट्रीय गीत "जन गण मन" का सामूहिक गायन कराया गया, जिससे पूरा स्टेडियम देशभक्ति के भाव से गूंज उठा।अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व मंडी अध्यक्ष शिवकुमार जाकोदा, सुजीत धाकड़, लालू रघुवंशी (सिरसी), भूपेंद्र ओझा, सत्येंद्र कुशवाहा एवं जैविक खेती के सूत्रधार श्री साहू ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में किंग ऑफ़ अमरी और एसीआर आरोन 11आमने-सामने रही। किंग ऑफ़ अमरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 59 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसीआर आरोन 11टीम ने 8वें ओवर में राजा के शानदार चौके के साथ मुकाबला अपनी टीम के नाम कर लिया। आखिरी ओवर तक चले इस मैच ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।आयोजक नितेश पटवा एवं अतुल रघुवंशी ने बताया कि टूर्नामेंट के सभी मुकाबलों में दर्शकों ने रात्रिकालीन क्रिकेट का सभी ने भरपूर आनंद लिया। मैचों की सजीव एवं जोशीली कमेंट्री राजीव रघुवंशी, दीपक शर्मा एवं गुंजन सेन ने की, वहीं अंपायरिंग की जिम्मेदारी मोहर सिंह अहिरवार, रानू राईन, गुलशन मीणा एवं अजय सिलावट ने निभाई।आयोजन समिति के सदस्य सादिक खान, अजय सिलावट, जीत लोधी, नीरज मीना, सलमान खान, राजा सिलावट, गौरव ग्वाल, अतुल श्रीवास्तव, आनंद रघुवंशी एवं दौलत ने बताया कि सेमीफाइनल मुकाबले दर्शकों के लिए और भी यादगार साबित होंगे।

## व्यापारियों ने अन्नदाताओं के समर्थन में दिखाई एकजुटता



**बीनागंज बाजार पूर्णतः बंद रहा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

किसानों के समर्थन में मंगलवार को बीनागंज का पूरा बाजार बंद रहा। व्यापारियों ने सब्जी मंडी, कृषि उपज मंडी सहित सभी प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखकर अपना एकजुट समर्थन व्यक्त किया। व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि "हम व्यापारी हमेशा किसानों के साथ खड़े हैं। किसानों को जब भी किसी प्रकार की समस्या आएगी, हमारा समर्थन उनके साथ रहेगा।"व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष बबलू चौकसे एवं निदेशक ने कहा कि यह क्षेत्र किसानों पर आधारित है, इसलिए व्यापारियों ने एकजुट होकर बाजार एवं मंडी को एक दिन के लिए बंद रखा है। उन्होंने कहा कि आगे भी आवश्यकता पड़ने पर व्यापारी समाज किसानों के समर्थन में ऐसे कदम उठाने के लिए तैयार है।वहीं किसान प्रतिनिधि श्याम मीना (कीताखेड़ी) ने व्यापारी संघ के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि "किसानों के समर्थन में बाजार बंद रखने के लिए हम व्यापारी समुदाय के आभारी हैं।

## सकल हिंदू सम्मेलन के लिए भूमिपूजन ध्वजारोपण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगर से लगभग 10 किलोमीटर दूर ग्राम रामपुर में रामपुर मंडल द्वारा सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त भव्य भूमिपूजन, एवं ध्वजारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया गया। इसके पश्चात धर्मध्वज की स्थापना की गई, जिससे संपूर्ण क्षेत्र धर्ममय वातावरण से सराबोर हो गया। इस गरिमामय अवसर पर आरोन के संघ चालक की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने आगामी हिंदू सम्मेलन के उद्देश्य, स्वरूप एवं तैयारियों की विस्तृत जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों से सम्मेलन में सहभागिता करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए विराट हिंदू सम्मेलन को भव्य, सफल एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में ग्राम पतलेश्वर एवं माता मुंडरामें भी उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## नियमितता जीवन के विकास और सफलता की कुंजी है : आचार्य वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

वर्ष 2026 को ज्योतिषीय और अंक ज्योतिषीय दृष्टिकोण से नवग्रहों में राजा - सूर्य का वर्ष माना जा रहा है। आचार्य वाचस्पति शुक्ल संस्कृत वेद पाठशाला के अधिष्ठाता- प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पं. बेनी प्रसाद वशिष्ठ एवं अंक ज्योतिषी श्रीमती उमा वशिष्ठ ने विस्तार से बताया कि वर्ष 2026 के अंकों का योग 1आता है, जिसके स्वामी सूर्य देव हैं। वर्ष 2026 गुरुवार पौष शुक्ल त्रयोदशी से प्रारम्भ हो रहा है। जिसमें भगवान श्रीलक्ष्मीनारायण, सूर्यदेव उपासना एवं माता-पिता- गुरु की सेवा करना सफलता की कुंजी सिद्ध होगी। भारत देश में सनातन धर्म-संस्कृति के साथ-साथ जहां सभी को अपने रीति-रिवाज, त्यौहार परंपरागत रूप से मनाने का अधिकार प्राप्त है। इसी दृष्टिकोण से हमारे यहां वर्ष में मकर संक्रांति, बसंत पंचमी, नव संवत्सर, वैशाखी, दीपावली आदि प्रमुख त्यौहार नववर्ष की तरह ही हर्षोल्लास से मनाए जाते हैं । इसी क्रम में ईसवी सन 2026 का स्वागत प्रातः सूर्यार्घ्य, पूजन-अर्चन, देवदर्शन आदि शुद्ध सात्विक रूप से करना सभी के लिए शुभप्रद रहेगा।यह वर्ष 2026 कुछ नया करने का वर्ष है, जिसके आधार पर आगामी 9 वर्षों तक उसका प्रभाव रहेगा। इसलिए अपने स्वभाव, कार्य, व्यवहार प्रणाली में कुछ नयापन ,बदलाव लाना होगा। जिससे वर्ष पर्यन्त स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहें, तथा उज्ज्वल भविष्य का निर्माण हो। वर्ष 2026 में राशि अनुसार संक्षिप्त वर्षफल - मेष - शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा, फिर भी सूर्य की कृपा से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वृषभ - आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सुख-सुविधाओं और व्यापार में लाभ के योग हैं। मिथुन - गुरु के प्रभाव से ज्ञान और करियर में वृद्धि, पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। कर्क - मानसिक शांति मिलेगी, वाहन या संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। सिंह - नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी, सेहत का ध्यान रखें, लेकिन करियर में बड़ी सफलता मिलेगी। कन्या - शत्रुओं पर विजय मिलेगी, निवेश के लिए समय अनुकूल है। तुला - प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी, कला और रचनात्मक कार्यों में ख्याति मिलेगी। वृश्चिक - आर्थिक लाभ होगा, लेकिन गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। धनु - चतुर्ग्रही योग के कारण वर्ष की शुरुआत धमाकेदार होगी,धन आगमन के स्त्रोत बढ़ेंगे। मकर - शनि की कृपा से दीर्घकालीन सफलता मिलेगी, परिश्रम का फल मीठा होगा। कुंभ - राहु-सूर्य की युति के कारण फरवरी-मार्च में थोड़ा तनाव रह सकता है, धैर्य रखें। मीन - शनि की साढ़ेसाती के बीच आध्यात्मिक उन्नति और विदेश यात्रा के योग हैं। आचार्य वशिष्ठ ने बताया कि इस वर्ष मंगल की प्रबल गति, बृहस्पति का मिथुन कर्क सिंह राशि मेंअति-अतिचार होना एवं शनिदेव की स्थिर ऊर्जा से प्रकृति में आश्चर्यजनक घटनाक्रम बदलेंगे। वर्ष में सोना, चांदी के रिकॉर्ड भाव देखने को मिलेंगे। यह वर्ष सुनियोजित विकास, स्थिर प्रगति और आशाजनक अवसरों का वर्ष रहेगा। वर्ष 2026 में स्वामी सूर्य के अनुसार ग्राह्य - करने योग्य कार्य - इस वर्ष सफलता पाने के लिए सूर्य के सिद्धांतों - अनुशासन , सदाचार आदि का पालन करना, केसरिया वस्त्र पहनना, सुगंधित पदार्थ घी,इत्र आदि का अधिक उपयोग करना, नियमित दिनचर्या, सुबह जल्दी उठना और समय का पाबंद होना सबसे बड़ी सफलता की कुंजी है।

## संस्कार और संस्कृति का संगम सरस्वती शिशु मंदिर मुंगावली में रंगमंच आयोजन

**मुंगावली।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली में वार्षिक रंगमंचीय कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्राचार्य बृज बिहारी त्रिपाठी ने कराया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय व्यवस्थापक जगदीश शरण श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक तिवारी, भारतीय जनता पार्टी अशोकनगर के जिला अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामराज दांगी ने की।

मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रांतीय सह सचिव सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्य प्रदेश भोपाल रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवपुरी विभाग के विभाग समन्वयक रामकुमार व्यास उपस्थित रहे। विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष हरदीप अरोरा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि आलोक तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर समस्त शिक्षण संस्थानों में श्रेष्ठ है। अध्यक्षता कर रहे रामराज दांगी ने भी व्यवहारिक एवं संस्कारों से युक्त शिक्षा के लिए सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययन हेतु बच्चों को प्रेरित किया। मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि सरस्वती शिशु



मंदिर केवल शिक्षा ही नहीं देता बल्कि बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए विविध गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिनमें रंगमंचीय कार्यक्रम भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है उन्होंने बताया कि वर्तमान में संपूर्ण भारत में 25 हजार से अधिक सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें भगवान कृष्ण एवं भगवान राम की लीलाएं, राजस्थानी नृत्य, गरबा नृत्य, शिशु नृत्य, खाटू श्याम के भजन, हनुमान वंदन, स्वागत गीत, नवदुर्गा गीत तथा महारानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती, महारानी चेन्नम्मा, शिवाजी, चंद्रगुप्त सहित अन्य महापुरुषों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का मंचन शामिल रहा। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नाटक एवं देश की विविधताओं को दर्शाती नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की गई।

## मैत्री कप सीजन 5 के आयोजन में 3 टीमों के बीच मुकाबले हुए, बांटे गए पुरस्कार

**अशोकनगर।** लगान क्रिकेट क्लब अशोकनगर के द्वारा मैत्री कप सीजन 5 का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज ग्राउंड पर खेले जा रहे जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में वुधवार को तीन मुकाबले खेले गए। पहला मैच द राइजिंग स्टार और एम के वॉरियर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एम के वॉरियर ने निर्धारित 10 ओवर में 114 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए द राइजिंग स्टार केवल 86 रन ही बना सकी। जिसमें मैन ऑफ द मैच राहुल यादव रहे, जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 रन बनाए। दिन के दूसरे मैच आर्यन एकेडमी और कॉमर्स शिक्षा अकैडमी डी कंपनी के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन एकेडमी ने निर्धारित 10 ओवर में 96 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कॉमर्स शिक्षा एकेडमी डी कंपनी ने 7.5 ओवर मात्र 71 रन ही बना सकी। इस मैच के मैन ऑफ द मैच राम भारत रघुवंशी रहे। दिन के तीसरे और अंतिम मैच में द राइजिंग स्टार और पंजाब मशीनरी स्टोर के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब मशीनरी स्टोर ने निर्धारित 10 ओवर में 105 रन बनाये ।लक्ष्य का पीछा करते हुए द राइजिंग स्टार 100 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच अनिल पंत रहे। आज के कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य भूमिका में रहे आयोजन कमेटी के सदस्य अनिल धकाते,संजू दैलवार,जगभान यादव, राजेश सोनी, पुष्पेंद्र अहिरवार, गौरव त्यागी, विनोद बेरसिया, पुनीत धाकड़, राजदीप सिंह, जसप्रीत जस्सी,विवेक खरे, आदि मौजूद रहे।



## सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को समारोह में सम्मानपूर्वक विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में माह दिसंबर 2025 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर डी.एन सिहं द्वारा की गई।

अपर कलेक्टर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों से कहा कि सेवाकाल के दौरान अर्जित अनुभवों का उपयोग अब समाज के उत्थान जन सेवा के लिए करें। उन्होने कहा कि सेवा अवधि मे व्यवस्तता के कारण जो समाजिक एवं पारिवारिक दायित्व पूर्ण नही हो पाये हैं उन्हे अब निश्चिंत होकर पूरा करें। उन्होने सेवानिवृत्त सभी शासकीय सेंवकों को अगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। सम्मान समारोह में दीपशिखा उघाराडे सी.एम.एच.ओ. कार्यालय अशोकनगर,पुष्पा देवी सैंगर एवं अनिल कुमार साहू जिला आयुष अधिकारी कार्यालय, राधा कृष्ण शर्मा एवं रमेश चंद शाक्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अशोक कुमार वास्त्री भूमि संरक्षण कार्यालय मुंगावली, घनश्याम सिंह रघुवंशी, रामबली सिंह रघुवंशी, उदयप्रताप सिंह सिसौदिया, कोमल सिंह रघुवंशी एवं सुमन बडोने बीईओ कार्यालय अशोकनगर, रामवीर सिंह रघुवंशी, हरि सिंह लोधी एवं राशिद खान बीईओ कार्यालय ईसागढ़, वृन्दावन लाल यादव, नरेन्द्र सिंह बैंस, कृष्ण गोपाल शर्मा, चन्द्रभान सिंह राजपूत, श्याम सिंह गुर्जर बीईओ कार्यालय मुंगावली, फूंदीलाल सिमरैया एवं रतिराम अहिरवार एवं कौशल्या देवी श्रीवास्तव बी.ई.ओ.कार्यालय चन्देरी के सेवानिवृत्त होने पर शांल एवं श्रीफल भेट कर सम्मानित किया गया है। साथ ही माह नवम्वर 2025 में सेवानिवृत्त हुए 12 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किया गया। संचालन अनिल खंतवाल ने तथा आभार जिला पेंशन अधिकारी ने किया। इसमें प्रभारी कोषालय अधिकारी हिमानी यादव, सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं सेवानिवृत्त एवं परिवारजन उपस्थित रहे।

## भटकती वृद्धा को अपना घर आश्रम शिवपुरी भेजा

**अशोकनगर।** पुलिस का महिलाओं को सुरक्षा देने का अभियान जारी है जिसके चलते अशोकनगर क्षेत्र में एक मानसिक रूप से कमजोर बुजुर्ग महिला के भटकते हुए पाये जाने की सूचना मिलने के बाद बुजुर्ग महिला को अपना घर आश्रम शिवपुरी भेजा गया। यह महिला न तो अपना नाम-पता बता पा रही थी और न ही उसकी भाषा स्पष्ट रूप से समझ में आ रही थी, जिससे उसकी पहचान एवं परिजनों की जानकारी प्राप्त करना संभव नहीं हो सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरी. रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा थाना स्तर पर महिला से लगातार संवाद कर उसका नाम, पता एवं परिजनों की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया, किंतु महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के कारण कोई भी जानकारी देने में असमर्थ रही। रात्रि होने से महिला की सुरक्षा एवं उचित देखभाल सुनिश्चित करने हेतु उसे वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित रूप से ठहराया गया।

## गौ संवर्धन समिति की बैठकः गोवंश को सुरक्षित आश्रय दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले में गौ संरक्षण के लिए सभी आवश्यक सार्थक प्रयास किये जाएं। जिससे गौवंश को सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक आश्रय प्राप्त हो सके। इस हेतु गौशाला संचालकों द्वारा गौशालाओं में सभी आवश्यक कदम उठायें जाए। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला गौ संवर्धन समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों एवं गौशाला संचालकों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शासन द्वारा गौशाला संचालन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। गौशाला संचालकों द्वारा गौशालाओं में निर्धारित संख्या अनुसार गौवंश को रखा जाए। साथ ही गौवंश के लिए चारा, भूसा, पानी, विद्युत, टीनशेड की पर्याप्त सुविधा मिले यह सुनिश्चित किया जाए। गौशाला संचालक गौ संवर्धन की दिशा में बेहतर कार्य कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देश दिए कि गौशाला के अभाव में कोई भी आवारा मवेशी सड़कों पर विचरण न करें। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही संबंधितों द्वारा की जाए। उन्होंने गोबर गैस प्लांट के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए समय समय पर गौशालाओं को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाए। साथ ही निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां मिले उन्हें,उनकी पूर्ति कराई जाए। दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों की दक्षता और क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम स्तर गतिविधियां संचालित की जाएं।

## कलेक्टर ने भूखंड क्रय विक्रय के आधार पर नामांतरण आगामी आदेश तक प्रतिबंधित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा नगरपालिका क्षेत्र अशोकनगर अंतर्गत अवैध कालोनी के संबंध में प्राप्त प्रतिवेदन पर प्रश्नाधीन भूमि अवैध कॉलोनी के अंतर्गत होने से अवैध कॉलोनी के किसी भी भूखण्ड के क्रय विक्रय के आधार पर नामांतरण आगामी आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाने हेतु अंतरिम आदेश जारी किया गया है। साथ ही म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 के अनुसार म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 में किसी बात के होते हुए भी कॉलोनी निर्माण करने वाले किसी व्यक्ति द्वारा अवैध व्यपवर्तन के या अवैध कॉलोनी निर्माण के लिए किसी क्षेत्र में भू-खण्डों का किया गया अंतरण या अंतरण का कोई करार शून्य होगा।

तहसीलदार तहसील अशोकनगर तदाशय की प्रविष्टि अभिलेख में दर्ज करें। उल्लेखनीय है कि अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा नगरपालिका क्षेत्र अशोकनगर अंतर्गत अवैध कॉलोनियों के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि नगरपालिका क्षेत्र कस्बा अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 671, 675, 672 कुल रकबा 1.981 है. भूमि पर लेकसिटी कालोनी के नाम से बालाजी बिल्डर जितेन्द्र कोठारी पुत्र किशनमल कोठारी व अन्य, निवासी अशोकनगर, कस्बा अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 477, 478, 479, 480, 483, 484 एवं 485 कुल रकबा 1.672 हे. भूमि पर केशर बिहार कालोनी के नाम से कालोनाइजर मुकेश पुत्र रामकिशन साहू, आनंद जैन व अन्य, कोलुआ रोड के पास अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 769/2 रकबा 0.895 हे. पर कालोनाइजर मनोज साहू पुत्र रामचरण साहू निवासी अशोकनगर, कस्बा अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 882/2 रकबा 1.014 है. एवं 882/55/1 रकबा 0.491 है. पर मे. देव होम्स भागीदारान विनोद शर्मा पुत्र मदनमोहन शर्मा, मुकेश साहू पुत्र रामकिशन साहू निवासी अशोकनगर, कस्बा अशोकनगर स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 38/3/1 रकबा 0.367 है., 39/2 रकबा 0.344 है. एवं सर्वे क्रमांक 40/3 रकबा 0.078 है. भूमि पर भूमि एसोसियेट पर अमन कुमार पुत्र संतराम बंसल एवं जितेन्द्र कोठारी पुत्र किशनमल कोठारी निवासी अशोकनगर द्वारा अवैध कालोनी विकसित कर छोटे-छोटे भूखण्ड विक्रय किये जा रहे हैं। कालोनाइजर द्वारा न ही उक्त भूमि का नक्शा ग्राम तथा नगर निवेश अनुमोदित कराया है और न ही कालोनी विकास अनुजा प्राप्त की गई है। अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अशोकनगर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन से सहमत होते हुये पाता हूं कि इस उपरोक्त वर्णित प्रश्नाधीन भूमियों पर अनावेदकगण द्वारा अवैध कालोनी का निर्माण कर छोटे-छोटे भूखण्ड विक्रय किये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 (ग) में स्पष्ट उल्लेख है कि कॉलोनी निर्माण करने वाला कोई व्यक्ति म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तथा उसके अधीन बनाये गये नियमों से कार्रवाई होगी।

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू हुआ सिद्ध चक्र महामंडल विधान

**राजपुर।** वुधवार को राजपुर नगर में बहुप्रतीक्षित सिद्ध चक्र महामंडल विधान मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज जी के परम सान्निध्य में प्रारंभ हो गया है। आज प्रथम दिवस सिद्धों की आराधना की गई, प्रारंभ में श्री जी का अभिषेक, शांति धारा की गई, तत्पश्चात विधान प्रारंभ हुआ। मुनि श्री ने कहा कि छोटी सी बात पर महाभारत का युद्ध हुआ था, इसलिए हमे अपने जीवन में विनम्रता रखना चाहिए। मुनि श्री के पाद प्रक्षालन करने की, शास्त्र भेंट करने की और महाआरती की बोलियां पुण्यर्जक परिवार सुभाष अंजना जैन को प्राप्त हुआ।

### जुए के अड्डों पर छापामार कार्यवाही

**अशोकनगर।** जिले में देहात थाने के अंतर्गत जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। शकंर कॉलोनी में ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए यशु राय, नीलेश राय और धर्मेन्द्र शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिनके पास से ताश की गडडी और 3300 रूपए बरामद किए हैं। इसी प्रकार शंकर कॉलोनी में ही ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए संग्राम अहिरवार सोनू पाल और जसरथ अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 2600 रूपए बरामद किए गए हैं। इसी प्रकार जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने बहेरिया तिराहे पर ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए रवि जाटव, रंजीत जाटव को गिरफ्तार किया है जिनके पास से ताश की गडडी और 410 रूपए बरामद किए है। इसी प्रकार ईसागढ पुलिस ने ही साहू गार्डन के पास ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए पन्ना केवट और मुनीम साहू का गिरफ्तार किया है जिनके पास से 650 रूपए और ताश की गडडी बरामद की है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम सलोना थाना चन्देरी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल रविशंकर कुशवाह उम्र 36 साल निवासी नई वस्ती फतेहाबाद चन्देरी की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन का समय परिवर्तित

**अशोकनगर।** जिले में शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले में संचालित समस्त आंगनवाडी केन्द्रों का समय प्रातः 10 बजे से सायंकाल 05 बजे तक नियत किया गया है।

### सूरज की पहली किरण के साथ नए सवेरे का आगाज

# नए सवेरे और नए विश्वास के साथ नववर्ष 2026 का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नव वर्ष 2026 को लेकर चारों ओर खुशियां फैली हैं। अशोकनगर जिले के लोग नव वर्ष का स्वागत कर रहे हैं। सूरज की पहली किरण के साथ नए सवेरे का आगाज होगा। नव वर्ष में उम्मीदों की नई रोशनी का इंतजार है, अधूरे सपनों को पूरा होने का इंतजार है, चुनौतियों के साथ जिले को विकास की नई दहलीज पर ले जाने के लिए इस नए वर्ष से अपेक्षाएं भी बहुत हैं।

किसी भी जिले की पहचान उस जिले में प्रगति की सूचक सड़के, नए नेशनल हाईवे, और रेल सुविधाएं होती हैं। अगर आने जाने के संसाधन बेहतर होगें तो जिला प्रगति की दिशा में अग्रसर होगा। इस जिले के पड़ौसी जिलों गुना, शिवपुरी, विदिशा और सागर जिलों में तो खूब विकास हो रहा है लेकिन अशोकनगर जिले को विकास की वह सौगातें नहीं मिल पा रही हैं। जिसके लिए जिले के लोग वर्षों से प्रतिक्षा कर रहे हैं। हर वर्ष इसी तरह की उम्मीदें आने वाले नए वर्ष से की जाती हैं। लेकिन नया वर्ष आकर विदा हो जाता है जैसे कि 2025 की विदाई हो गई। अब नए वर्ष के रूप में 2026 से उम्मीदें की जा रहीं है कि यह नया साल अशोकनगर के लिए विकास का नया सवेरा लेकर आएगा।

#### कब होगा औद्योगिक विकास का सपना पूरा

अशोकनगर जिले की सीमाओ पर सिंध,वेतबा जैसी नदिया है। राजघाट जैसा बांध है। चंदेरी जैसी रमणीय नगरी है। इसके बाबजूद भी इस जिले को विकास के नए पंख नही लग पाए। जिले की सीमा पर बेतवा नदी के उस पार बीना रिफायनरी खडी है। जब प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव बीना रिफायनरी की आधार शिला रखने आए थे। तब उन्होने कहा था कि इस रिफायनरी से निकलने वाले रॉ मटेरियल पर आधारित 500 उद्योग लगाए जाएंगे लेकिन एक भी उद्योग नहीं लगा। पड़ोसी जिला गुना मे नेशनल फर्टिलायजर विजयपुर और गैस अथॉरटी इंडिया लिमिटेड जैसे कारखाने है। लेकिन अशोकनगर जिले मे कोई उघोग नही होने से यहा के युवा बेरोजगार है। किसान पुत्र खेतो मे पसीना बहा रहे है। चंदेरी नगरी मे लगातार फिल्मों का निर्माण हो रहा है लेकिन चन्देरी आज भी वहीं की वहीं है उसे नए वर्ष में विकास की नई गंगा का इंतजार है।

#### अशोकनगर जिले को विकास की नई गंगा का इंतजार

2003 में गुना जिले का विभाजन होने के बाद अशोकनगर जिले का उदय हुआ था, उम्मीद थी कि इस नए जिले को विकसित होने की पूर्ण सुविधाए मिलेगी। लेकिन ऐसा नही हुआ। अशोकनगर जिला आज भी उपेक्षा का शिकार है। यहा विकसित होने के प्रचुर संसाधन है। लेकिन जिले की तस्वीर और तकदीर मे रंग भरे जाना है। जिनके कंधो पर अशोकनगर की जिम्मेदारी है उन जिम्मेदारो ने अपने कर्तव्यो का निर्वाहन ठीक से नही किया। जिसके कारण अशोकनगर जिले को वह उचाइयां नहीं मिल पाई, जिसका वह हकदार है।

#### पुरानी घोषणाओं को पूरा होने और नई योजनाओं का इंतजार

अशोकनगर जिले के विकास को लेकर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा योजना भी तैयार की गई है योजना को लेकर समय समय पर बैठके होती हैं लेकिन शहर की सूरत बदलती नजर नहीं आ रही है। शिवराज सिंह चैहान मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए घोषणा कर गए थे कि अशोकनगर को स्मार्ट सिटी बनाया जाएगा, कृषि महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। सबसे ज्यादा समस्या रेल सुविधाओं की कमी और अशोकनगर जिला मुख्यालय के आसपास से निकलने वाले हाईवे को लेकर है जिनकी लिंक अशोकनगर से करने की मांग लगातार हो रही है लेकिन मांग पूरी नहीं हो पा रही है। जिला मुख्यालय पर आने जाने के सड़क मार्ग भी कम हो गए हैं अगर अशोकनगर स्टेशन को अंडरब्रिज तक आने जाने वाले रास्ते से जोड दिया जाए तो शहर में यातायात की सुविधा भी होगी। यहां के अंडरब्रिज को सर्व सुविधा युक्त बनाने की जरूरत है। देखना है कि वर्ष 2026 अशोकनगर जिले के नागरिकों की किन उम्मीदों पर खरा उतरता है।

### तीर्थोदय तीर्थ के रूप में एक भव्य रचना दिखी

## गोला कोट तीर्थ पहुंचकर जैन समाज ने की अगवानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अशोकनगर से विहार करते हुए आज राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट में हुआ। जहां पूरे अंचल से भक्तों ने गोला कोट पहुंच कर मुनि श्री की भव्य आगवानी की। इस दौरान गोलाकोट क्षेत्र पर एक नई रचना देखने को मिली।

**पूर्व में पुण्य किया है तो धन सम्पत्ति सुख साधन प्राप्त हुआ**

इस अवसर पर विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रसंत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि पैसे बाले का धर्म नहीं है पुण्यात्माओं का धर्म है पूर्व में पुण्य किया है तो धन सम्पत्ति सुख साधन प्राप्त हुआ और उस धन का सदुपयोग कर पुनः पुण्य अर्जित कर लेता है तो आगे भी धन वान बनेगा। क्योंकि अभी पुण्य कार्य कर रहा है ऐसे में आपकी आंख से हर्ष और पुण्य की प्रशंसा में दो आंसू निकल जायें समझ लेना आपका पुण्य का उदय आने वाला है। आपके जन्म जन्म पाप छड़ भर में कटने वाले हैं। गरीब की आंख से हर्ष के आंसू निकल आए अमीर आदमी जव बोली लेवें और गरीब आदमी की आंख से खुशी के दो आंसू निकल आए उस गरीब की आंख से आंसू निकल आवे इसकी आख से निकलने वाले आंसू ने अतीत के पापों को धो दिया। अब जब भी वोली लगेगी तो उसका सौभाग्य प्राप्त होगा उक्त आश्य केउद्गार अशोक नगर से विहार करते हुए।

**प्रतिकूलता में आपके चेहरे पर मुस्कान आना चाहिए**

उन्होंने कहा कि प्रतिकूलता को आप प्रतिकूलता क्या मानते हो प्रतिकुलता में काम करके ही व्यक्ति महान बनता है प्रतिकूलता आये तो आप पावर थिंकिंग दिखाये प्रतिकूलता में आपके चेहरे पर मुस्कान आना चाहिए आप प्रति कूलता को पोजिटिव थिंकिंग में वदल लें तो आपकी कार्यक्षमता बढ़ती चली जायेगी।

## प्रार्थना की चतुर कला,जब भक्त ने एक वरदान में मांग लिया पूरा संसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



अक्सर कहा जाता है कि भगवान से मांगना भी एक कला है। कुछ लोग संकोच में मांग नहीं पाते, तो कुछ इतना मांग लेते हैं कि झोली छोटी पड़ जाती है। मंगल मेरिज गार्डन में जारी श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथावाचक अष्टावक्र महाराज ने रामजन्म की कथा प्रसंग का वर्णन करते हुए भक्ति के उस अनूठे स्वरूप पर प्रकाश डाला है, जहां भक्त अपनी चतुराई और अटूट प्रेम से ईश्वर को ही अपना बना लेता है।

**एक वरदान और खुशियों का संसार** भक्ति मार्ग में एक प्रचलित प्रसंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कैसे एक वृद्ध महिला ने अपनी बुद्धिमत्ता से महादेव को निरुत्तर कर दिया। जब उसे एक ही वरदान मांगने को कहा गया, तो उसने अपनी आंखों की रोशनी, धन-संपत्ति और वंश (नाती) को एक ही वाक्य में पिरो दिया। उसने कहाकृ ष्प्रभु, मैं सोने के कटोरे में अपने नाती को दूध पीता देखना चाहती हूं।ष इस एक मांग ने उसे दृष्टि भी दी, वैभव भी दिया और परिवार का सुख भी।

**मनु महाराज का अनूठा प्रेमरू पिता से पुत्र बनने की अभिलाषा** आध्यात्मिक चर्चा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने रामचरितमानस के उस प्रसंग का उल्लेख किया, जहाँ मनु महाराज और सतरूपा कठिन तपस्या के बाद भगवान से वरदान मांगते हैं।



### नाबालिग बालिका को गुजरात से किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** थाना ईसागढ की त्वरित कार्यवाही, अपहृत हुई नावलिक बालिका को गुजरात से दस्तयाव किया जाकर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। 24 दिसंबर को फरियादी द्वारा अपनी 15 वर्षीय बहिन को घर से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा वहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट की थी। जिस पर से एसपी द्वारा एक टीम गठित की गई, टीम द्वारा तकनीकी संसाधनो एंव मुखविर की सूचना पर से दिनांक 28.12.2025 को गठित टीम को वापी गुजरात तरफ रवाना किया गया।

## हमारे मुख से जब भी शब्द निकले तो वह मिठास भरे हों, जीवन में मधुरता आना चाहिएः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



जिसके मुख में मिठास होती है वह हर दिल में निवास करता है यह मधुरता हमारे जीवन में आना चाहिए। यह रस हमारे जीवन में आना चाहिए, जब बोलोगे तो कैसे बोलोगे अच्छा बोलोगे मीठा बोलोगे मधुर बोलोगे क्यों ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए।


उक्त उद्गार नगर में विराजमान पूज्य मुनि श्री मेघ दत्त सागर जी महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहे। आगे कहा कि संसार मे दो तरह के लोग होते है,एक होते हैं मछली की तरह और एक होते है केकड़े की तरह है, मछली चलती है मस्ती में चली जा रही है तैरते हुए देखा होगा आपने लेकिन केकडा ऐसे होते हैं एक दूसरे की टांग पड़कर खींचते हैं तो भैया मछली की तरह बनना है जो स्वतंत्र होकर आगे कैसे बढ़ रही है, घर में इतनी संपदा कैसे आएगी जैसे कर्म तुम कर लो तुम्हारे घर में कोई दिक्कत है वह कर्म का प्रतिफल है इसलिए दूसरों की तुलना नहीं करो।

नए साल पर मुनि संघ के सानिध्य में होगे कई आयोजन

नगर में विराजमान पूज्य मुनि संघ के परम सानिध्य में नए बर्ष के उपलक्ष्य में कई आयोजन किए जाएंगे जिसमें संत निवास पर सुबह प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा के साथ भक्तांबर विधान का आयोजन किया जाएगा जिसके बाद शाम को 48 दीपों से भक्तांबर पाठ दीप प्रज्वलित किए जाएंगे,वही नगर के सभी जिनालयों पर भगवान की आराधना की जाएगी और नव वर्ष की शुरुआत की जाएगी।

## चंदेरी में खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए

**अशोकनगर।** नववर्ष के अवसर पर पर्यटन नगरी चंदेरी में लाखों सैलानियों के आने की संभावना को देखते हुये कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी मनीष धनगर के मार्गदर्शन में नगरपालिका की टीम के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा होटलों से खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिये गये।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक द्वारा दिल्ली दरवाजे तथा धौलिया दरवाजे,बस स्टेण्ड स्थित रेस्टोरेंट एवं होटलों की जांच की गई तथा शंकर लस्सी हाउस, दिल्ली दरवाजा से मलाई बर्फी,मावा बर्फी, मावा बाटी तथा ब्लैक सॉल्ट, महाकाल रेस्टोरेंट से शक्कर की चाशनी, तथा दही एवं साहू मिष्ठान, धौलिया दरवाजा से मलाई बर्फी तथा समोसा कचैडी इत्यादि के मसाले को तैयार करने प्रयुक्त किये जाने वाले लाल मिर्च पाउडर का नमूना लिया जाकर जांच हेतु भेजा गया है। साथ ही कृष्णा भोजनालय दिल्ली दरवाजा से 8-10 किलो खराब मिठाईयां फिकवाई गई तथा शंकर लस्सी हाउस एवं महाकाल रेस्टोरेंट में खुले में खाद्य सामग्री का विक्रय एवं गंदगी में नाश्ते का निर्माण किये जाने के फलस्वरूप नगर पालिका द्वारा ऑन स्पॉट 5000-5000 का जुर्माना वसूला गया। महाकाल रेस्टोरेंट के संचालक संजू रैकवार के विरूद्ध प्रचलित एडीएम न्यायालय में प्रचलित प्रकरण में हाल मे ही 50000 का जुर्माना भी अधिरोपित किया गया है।

### कलेक्टर ने किया ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण



**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा बुधवार को अशोकनगर तहसील परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईव्हीएम मशीनों के रखरखाब हेतु उपलब्ध कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीव्ही कैमरों के संचालन व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दूसरे का हिस्सा खाने वाला हो जाता है दरिद्रः आचार्य देवमुरारी

**अशोकनगर।** मोहरी धाम में कथा के सातवें दिन विश्राम के अवसर पर आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा भगवान श्री कृष्ण ने सोलह हजार एक सौ आठ विवाह किये उसका कारण था कि जिन्होंने भगवान को मन भाव से समर्पित कर उनका पति रूप में मन भगवान ने उसको स्वीकार किया।

कथाक्रम में देवमुरारी बापू ने आगे बताया कि दत्तात्रेय जी ने अपने जीवन में 24 गुरु बनाए गुरु बनाना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है गुरु के बिना हमारा उद्धार नहीं हो सकता गुरु तो भगवान से भी बड़े हैं तथा के अंत में सुदामा चरित्र को श्रवण कराया सुदामा चरित्र से समाज को यह सीख मिलती है कि जो दूसरे का हिस्सा खाता है वह दरिद्र हो जाता है और जीवन भर परेशान रहता है सुदामा गरीब थे भगवान श्री कृष्ण द्वारकाधीश एवं राजा थे फिर भी उन्होंने कभी सुदामा की मदद नहीं की सुदामा भगवान से मिलने के लिए गए तब उन्होंने सुदामा को सुंदर घर और भगवान पत्नी प्रदान की



इसका मतलब यह है कि भगवान से हमको कुछ मांगने की जरूरत नहीं है वह सब जानते हैं और निष्कपट और समर्पित भाव होने पर भगवान हमारे सारे मनोरथ पूरा करते हैं राजा परीक्षित 7 दिन भागवत सुनें और तक्षक सर्प के डसने से उनको मोक्ष प्राप्त होता है कथा के विश्राम के अवसर पर महाप्रसादी का वितरण हुआ। इस अवसर पर डॉक्टर दीपक मिश्रा, डॉक्टर हरवीर रघुवंशी, डॉक्टर जय मंडल यादव, कथा के यजमान गजानन महाराज सनत शर्मा, सुरेश रघुवंशी, विपिन नामदेव, नमन आदि रहे मौजूद।

### 10 हजार से अधिक परिवार इस अभियान से जुड़े, कीर्ती कार्ड दिखाइए और छूट पाइए

# रेवा शक्ति अभियान ने बालिका शिक्षा को लेकर नया कीर्तिमान रचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वैसे तो शासन स्तर पर प्रयास किए जाते हैं लेकिन प्रयासों की गति इतनी धीमी होती है कि इन प्रयासों का लाभ जरूरतमंद लोगों को नहीं मिल पाता है उन में बालिकाएं भी शामिल है लेकिन बालिकाओं को लाभ शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा मिले इसके लिए अशोकनगर जिले में चलाया गया रेवा शक्ति अभियान इन बालिकाओं के लिए एक नई उम्मीद की किरण बन गया है। इसके सूत्रधार कोई और नहीं जिले के कलेक्टर आदित्य सिंह हैं उन्होंने इस अभियान को लागू कर प्रदेश और देश का ध्यान इस ओर आर्कषित किया है कि यदि बालिका शिक्षा को बढावा देना है तो योजनाओं से हटकर बालिका शिक्षा को एक नई दिशा देनी होगी। जिले में इसके सार्थक परिणाम भी सामने आए हैं और अशोकनगर जिला में संचालित सभी









प्राइवेट स्कूलों में रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को शिक्षण संस्थानों द्वारा स्वयं प्रवेश में 100 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत छूट दी गई है।

रेवा शक्ति अभियान उन परिवारों की बालिकाओं के लिए है जिन परिवारों में बालिका एक या दो हैं। कलेक्टर आदित्य सिंह जिला अशोकनगर के नवाचार के परिणाम सार्थक रूप से सामने आए हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा तो मिला ही है साथ में बालिका शिक्षा के साथ-साथ संस्थानों में भी उसका लाभ मिल रहा है आप कहीं भी जाइए रेवा मित्र कार्ड अगर आपके पास है तो आप उस रेवा मित्र कार्ड के माध्यम से होटल, रिसोर्ट, साड़ियों के साथ किराना दुकान,निजी वसों में किराए में छूट, निजी अस्पतालों के इलाज में विशेष छूट, शासकीय कार्यालयों में प्राथमिकता और जन सुनवाई में क्यूलेस आवेदन में विशेष पात्रता दी गई है।

**पोर्टल पर पंजीयन कराईए और कीर्ती कार्ड पाइए** इसके लिए पोर्टल भी बनाया गया है इस पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा। अशोकनगर जिले में इस रेवा शक्ति अभियान के अंतर्गत 10596 परिवारों को जोड़ा गया है और परिवारों की एक-एक बालिका की अगर इस अभियान का हिस्सा बनी है तो कम से कम 10596 बालिकाओं को बालिका शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिला है। रेवा शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, घटते लिंगानुपात में वृद्धि करने और एक या दो बालिका वाले परिवारों को जन सहयोग से विशेष लाभ प्रदान करना है। मां नर्मदा नदी के नाम पर इस अभियान का शुभारंभ किया गया है।

**लिंगानुपात को बढ़ाने में भी मिल रही है मदद** कलेक्टर आदित्य सिंह ने लिंगानुपात के बारे में कहा कि भारत का लिंगानुपात 943 है मध्य प्रदेश का 931 है और अशोकनगर जिले का 887 है इस लिंगानुपात को बढ़ाने में मदद मिली है और इसमें 4 से 5 प्रतिशत का सुधार आया है। इस अभियान के अंतर्गत कीर्ति कार्ड जारी किए गए हैं। डॉटर्स क्लब की स्थापना की गई है, निजी सेवा प्रदाताओं का पंजीयन किया गया है यह सब कार्य जन सहयोग से किया जा रहा है।

### सारंगपुर पुलिस ने आरोपी शहजाद कुरैशी को आगर मालवा से गिरफ्तार किया

# विवाहिता से डेढ़ साल तक किया दुष्कर्म वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

कुरावर क्षेत्र की 27 वर्षीय विवाहिता के साथ झांसा देकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर डेढ़ वर्ष तक ब्लैकमेल करने के सनसनीखेज मामले में सारंगपुर पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान शहजाद कुरैशी (55 वर्ष) निवासी खतोली, जिला बुलन्द शहर के रूप में हुई है। उसे आगर मालवा से गिरफ्तार कर सारंगपुर लाया गया है।

थानाप्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि पीड़िता कुरावर की रहने वाली है और तीन बच्चों की मां है। आरोपी पीड़िता के घर के पास रहकर इंडक्शन और कंबल आदि बेचने का काम करता था। उसने अपना नाम छिपाकर स्वयं को हिंदू नाम से परिचित कराया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने उसके और उसके पति के बीच चल रहे विवाद का फायदा उठाते हुए उसे भरोसे में लिया।

### नशीला पदार्थ पिलाकर बनाया अश्लील वीडियो

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर मदहोशी की हालत में सारंगपुर ले गया, जहां उसके अश्लील वीडियो बना लिए। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे घर से अलग ब्यावरा में किराए के मकान में रहने को मजबूर किया। आरोपी स्वयं भी सारंगपुर में किराए के मकान में रहता था। वह पीड़िता को लगातार धमकी देकर सप्ताह में कई बार सारंगपुर बुलाता और उसके साथ



दुष्कर्म करता रहा। यह सिलसिला करीब डेढ़ साल तक चलता रहा।

### बजरंग दल की मदद से पहुंची थाने

लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता बजरंग दल के संपर्क में आई, जहां कार्यकर्ताओं ने उसे हिम्मत दी और थाने में शिकायत दर्ज करवाई। सीडीआर से मिली लोकेशन, आगर मालवा से गिरफ्तारी एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस टीम ने लगातार दो दिनों तक कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर आरोपी की तलाश की और बुधवार सुबह आगर मालवा से उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की विस्तृत विवेचना की जा रही है।

### मंत्री पंवार ने किया उद्घाटन

# इण्डियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

इण्डियन ओवरसीज बैंक की नवीन शाखा का शुभारंभ बुधवार को मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर इण्डियन ओवरसीज बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। ब्यावरा में नई शाखा के उद्घाटन के साथ ही इण्डियन ओवरसीज बैंक ने अपनी विस्तार योजना के तहत एक और महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत की है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने कहा कि ब्यावरा में इण्डियन ओवरसीज बैंक की शाखा खुलने से क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ और आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे व्यापार, कृषि एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह ने कहा कि इण्डियन ओवरसीज बैंक ब्यावरा के नागरिकों को विश्वस्तरीय और भरोसेमंद बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

नई शाखा व्यवसायियों, किसानों एवं आमजन की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। नई शाखा के माध्यम से ग्राहकों को खाता खोलने, विभिन्न प्रकार के ऋण, क्रेडिट कार्ड सहित अनेक आधुनिक बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में बैंक के मुख्य प्रबंधक आर्तेश्वरम, राहुल सलूजा, दीपक शुक्ला, सुधीर कुमार बुचके, महेश कुमार, योगिता राजपाल सहित बैंक के अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### धड़ल्ले से हो रही अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री व नामांतरण

# सारंगपुर में कलेक्टर के आदेश कागजों में सिमटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

बीते दिनों राजगढ़ जिले की अवैध कॉलोनियों पर कलेक्टर द्वारा रोक लगाए जाने की खबर सामने आई थी। खबर के अनुसार अवैध कॉलोनियों की रजिस्ट्री एवं नामांतरण पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया। उक्त आदेश राजस्व विभाग तक पहुंचा या नहीं यह तो विभाग ही जानता है लेकिन चर्चा थी कि कलेक्टर राजगढ़ की ओर से अवैध कॉलोनी को लेकर कोई आदेश जारी किया था। अगर ऐसा कोई आदेश था तो सारंगपुर में उक्त आदेश बे असर साबित हो रहे हैं। जहाँ एक ओर जिला प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश जारी किए थे कि बिना डायवर्जन और टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) की अनुमति के बगैर विकसित की गई कॉलोनियों में नए भूखंडों की रजिस्ट्री एवं नामांतरण पर पूर्ण रोक रहेगी, वहीं दूसरी ओर सारंगपुर नगर में इन अवैध कॉलोनियों के प्लॉटों की रजिस्ट्री और नामांतरण का काम बे रोक टॉक जारी हैं।

#### इनका कहना है...

हमारे पास नामांतरण से संबंधित रोक का कोई आदेश नहीं है। नामांतरण प्रक्रिया जारी है।

ज्योति सुनहरे
सीएमओ सारंगपुर

### भव्य हिंदू सम्मेलन में गूंजा सामाजिक समरसता का संकल्प

# दौलाज मंडल में उमड़ा हिंदू आस्था का सैलाब

**खिलचीपुर।** दौलाज मंडल स्थित केवल्य योग आश्रम में हिंदुत्व के गौरव और सामाजिक एकता का अनुपम संगम देखने को मिला। भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस विराट शिंहदू सम्मेलनश में क्षेत्र के हजारों सनातनी बंधुओं ने सहभागिता कर धर्म रक्षा और राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।

भजन-कीर्तन और भारत माता की महाआरती से हुआ शुभारंभ कार्यक्रम का मंगलारंभ सुबह 11 बजे भक्तिमय भजन-कीर्तन के साथ हुआ। तत्पश्चात, संपूर्ण वातावरण जय श्रीराम शभारत माता की जयश और श्वंदे मातरमश के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा, जब




उपस्थित जनसमूह ने भारत माता की भव्य महाआरती उतारी। श्रद्धा और उत्साह के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से आए श्रद्धालु बौद्धिक पांडाल में एकत्रित हुए।

सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी शंकर लाल (प्रचारक) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर संत समाज के गौरव मुनीशानंद सरस्वती (धार), सत्यानंद त्यागी (रामनगर पहाड़ी), और मोनानंद महाराज (काल्याखेड़ी हनुमान मंदिर) का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक पद्धति से किया गया। इस अवसर पर गौसेवकों और समाजसेवियों का सम्मान किया गया एवं मां नर्मदा देवी गोशाला में विधि-विधान से गौ-पूजन संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया की हिंदू केवल एक पंथ नहीं, राष्ट्र की प्राणवायु है। मुख्य वक्ता शंकर लाल ने अपने संबोधन में हिंदुत्व की धार को प्रखर करते हुए कहा कि, सनातन धर्म विश्व का एकमात्र वह मार्ग है जो सर्वे भवंतु सुखिनः की बात करता है, किंतु आज हमें अपनी उदारता के साथ-साथ अपनी शक्ति को भी पहचानना होगा।

### कांग्रेस के पूर्व मंडी अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर ने भाजपा का हाथ थामा

**जीरापुर।** भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के समक्ष भाजपा का हाथ थामा। विधायक हजारीलाल दांगी के निवास पर पूर्व मंडी अध्यक्ष किसान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर हजारीलाल दांगी के द्वारा माला पहनाकर मिठाई खिलाई तथा स्वागत किया।

### विगत 11 वर्षों से बालाजी भक्त मंडल कर रहा युवाओं को सनातन संस्कृति की ओर लाने का प्रयास

# नववर्ष की संध्या पर खामखेड़ा श्री बालाजी मंदिर में होगी भजन संध्या व सुंदरकांड पाठ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर की धार्मिक संस्था श्री बालाजी भक्त मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष का स्वागत भक्ति और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। नववर्ष के अवसर पर राजस्थान स्थित खामखेड़ा श्री बालाजी मंदिर में बुधवार रात्रि को भजन संध्या एवं सुंदरकांड पाठ के आयोजन से नए साल का स्वागत किया गया। बुधवार को हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर धुरव भल्ला नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश, सुशील व्यास पार्षद राकेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर खेड़ापति सरकार की पूजा अर्चना कर बालाजी भक्त मंडल के पदाधिकारियों का स्वागत कर महिला पुरुष एवं युवाओं के जत्थे को बस तूफान सहित अन्य वाहनों से कामखेड़ा बालाजी राजस्थान के लिए रवाना किया। श्री बालाजी भक्त मंडल अध्यक्ष संतोष पुष्पद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन पिछले 11 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। हर वर्ष 31 दिसंबर की रात पुराने वर्ष की विदाई और नववर्ष का स्वागत भगवान श्री बालाजी के मधुर भजनों एवं सुंदरकांड पाठ के माध्यम से किया गया नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से लगभग 300 से अधिक महिला पुरुष युवा श्रद्धालु शामिल हुए। मंडल संयोजक दिनेश शर्मा ने बताया कि नए साल में युवा जगह-जगह पार्टी कर विभिन्न प्रकार का नशा करते हैं जिससे युवा नशे की गिरफ्त में जाता जा रहा है हमारा खामखेड़ा बालाजी कार्यक्रम करने का उद्देश्य आज की युवा पीढ़ी को नशे के जाल से मुक्त करना तथा युवाओं को सनातन संस्कृति की ओर ले जाना है हमारे इस कार्यक्रम के माध्यम से सैकड़ो युवा हमारे साथ खामखेड़ा बालाजी पहुंचकर नया साल मनाने लगे हैं।

# सौंधिया समाज के युवक युवती का परिचय सम्मेलन आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

अखिल भारतीय सौंधिया राजपूत समाज का प्रथम युवक- युवती परिचय सम्मेलन सौंधिया समाज धर्मशाला उज्जैन में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं मार्गदर्शक मंडल सदस्य उदयसिंह, हरिसिंह, गोपालसिंह, प्रतापसिंह सिसोदिया, लक्ष्मी नारायण चौहान झीरी, नारायणसिंह सालरियाखेड़ी, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज राजगढ़ के सानिध्य में संपन्न हुआ। सम्मेलन में समाज के विभिन्न जिलों सहित भोपाल, उज्जैन, इंदौर, अगर-मालवा, राजगढ़, रतलाम, मंदसौर तथा राजस्थान से झालावाड़ जिले से बड़ी संख्या में युवक-युवतियों ने शामिल होकर अपना पंजीयन कराया जहां पर लक्ष्मीनारायण झिरी ने इन युवक युवती का परिचय कराया। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित युवक युवतियों को सामाजिक, आर्थिक, व्यापारिक, गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। सोंधिया राजपूत समाज महिला प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकला चौहान, प्रदेश कार्यकारिणी की अन्य पदाधिकारी, पुष्पा पवांर ब्यावरा, रीना चौहान अन्य पदाधिकारी समाज की मातृ शक्ति उपस्थिति रहीं।

### कुंडलिया पेयजल समूह योजना का 265 गांव में पहुंचा नलों में पानी



**जीरापुर।** जल निगम अंतर्गत कुंडलिया पेयजल समूह योजना ग्रामीण अंचल के लिए बड़ी सौगात बनकर सामने आई है। कुंडलिया पेयजल समूह योजना के लगभग 265 गांवों में प्रतिदिन नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में खुशी और संतोष का माहौल है। जल निगम अधिकारी यू.के. चैधरी एवं प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा ने बताया कि गांव-गांव में नलों पर टोटियां लगाई जा चुकी हैं और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। योजना के अंतर्गत राजस्थान बॉर्डर के पास करकरी पंचायत, मुकुंदपुरा पंचायत के हरिपुरा, गढ़गच पंचायत, बावड़ीखेड़ा पंचायत, भोजपुर, सेमली कला, सेमला पंचायत, गोघटपुर, चेनपुरिया, पिपल्या कुल्मी सहित अनेक गांवों में पानी पहुंच चुका है। वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के समाधान से ग्रामीणों को राहत मिली है और क्षेत्र में खुशहाली का वातावरण बन गया है।

### संतों व संघ पदाधिकारियों ने दिया समरसता व राष्ट्र जागरण का संदेश



**छापीहेड़ा।** श्रीरामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की वर्षगांठ के अवसर पर छापीहेड़ा में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य रूप से सुप्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने ओजस्वी संबोधन दिया। सम्मेलन में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। विशाल जनसमूह के बीच धर्म, संस्कृति, समरसता और राष्ट्र चेतना का सशक्त संदेश दिया गया। पं. प्रदीप मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र था, हिंदू राष्ट्र है और हिंदू राष्ट्र ही रहेगा। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति किसी से भेद नहीं करती, बल्कि सबको जोड़ने वाली जीवन पद्धति है। वृक्ष, नदी, मंदिर और श्मशान सभी के लिए समान हैंकृयही सनातन की मूल भावना है वहीं उन्होंने भजन सुना कर सबका मन मोह लिया महिलाओं ने भी अपनी-अपनी जगह पर उठ खड़ी होकर नाचन शुरू कर दिया भजन पर नाचना एक अलौकिक दृश्य रहा। वही लोगों के बीच बैठे ज्ञान सिंह गुर्जर भी नाचते दिखाई दिए।

### सदगुरु आश्रम आनंदपुर ने नेत्र शिविर का किया आयोजन



**खुजनेर।** मालवा के खाटू श्याम मंदिर में आंखों की जांच एवं मोतिया बिंद ऑपरेशन कैंप लगाया गया। जिसमें सदगुरु आश्रम आनंदपुर हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा 700 लोगो की आंखों की जांच की गई। 310 लोगो को ऑपरेशन हेतु आनंदपुर भेजा गया 150 लोगो को चश्मे वितरित किये गए सभी प्रकार की आंखों की जांचे निशुल्क की दवाई वितरित की गई। इस अवसर पर मंदिर समिति सदस्य कैलाश जी साहू अशोक शर्मा नीलेश विजयवर्गीय धीरप विश्वकर्मा देवनारायण नागर संजय टेलर राधावल्लभ डांगरा उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ म.प्र.**

क्रमांक / 2640 /प्रवाचक/25
नरसिंहगढ़ दिनांक 22/12/2025
सूचना-पत्र

प्रति,
1. लेखराज पिता बीरम
2. रमेश पिता बीरम
3. संतोष पिता बीरम
4. सावित्री बाई पुत्री बीरम सर्व निवासी ग्राम देवबड़ली सर्व जाति चमार तसहील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़

यह कि अपीलांट मेवा बाई पति शिवनारायण निवासी ग्राम सराना ने आपके विरूद्ध अपील प्रस्तुत की है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिती में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज दिनांक. 22/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़**

### श्रीमद् भगवान रामानंदाचार्य जयंती महोत्सव संपन्न



**ब्यावरा।** मालावर के सदगुरु आश्रम पनिहारा, निकट खजूर खाड़ी (मलावर) तह. ब्यावरा जिला राजगढ़ में आयोजन होगा। जिसमें जिला राजगढ़ शाजापुर के मंडल अध्यक्ष महंत आनंद बाबा बड़े भक्तमाल अयोध्या जी आश्रम ग्राम आसारेटा शिवालय के मुखारविंद से तीन दिवसीय संगीतमय सत्संग प्रवचन दोपहर एक बजे से चार बजे तक 7 जनवरी में 9 जनवरी तक होंगे और 10 जनवरी को श्रीमद् भगवान रामानंदाचार्य की पूजा ( शोभा यात्रा, संतो का आशीर्वचन, मंत्री का सम्मान एवं संतो व भक्तो का भोजन प्रसाद होगी। आयोजक महंत भोला शरण त्याग महाराज सतगुरु आश्रम पनिहारा कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं संरक्षक खेड़ापति हनुमानजी महाराज विशेष अतिथी महामंडलेश्वर रामचन्द्रदास त्यागी नलखेड़ा नगर बल्ड़ावदा हनुमान ओर महंत कौशल किशोर दास महाराज झिरी स्थान पड़ाना तथा श्री महंत हनुमान दास महाराज क्षीरसागर ने कही।

### आरटीओ और पुलिस है बेखबर, निर्धारित शुल्क का हो रहा नुकसान

# कबाड़ी हुए बेलगाम, पुरानी गाड़ियों को ले रहे कबाड़ में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-माचलपुर

शासन के नियमानुसार किसी भी पुराने कंडम वाहन को तोड़ने से पहले उसकी अनुमति परिवहन विभाग से प्राप्त करना होती है। कबाड़ी बिना किसी परमिशन कबाड़ में वाहन तोड़ रहे हैं। आरटीओ विभाग भी बेखबर है, निर्धारित शुल्क का नुकसान भी हो रहा। कबाड़ में तोड़ रहे वाहन की अनुमति नियमानुसार आरटीओ से लेना होती है परमिशन और निर्धारित शुल्क भी जमा करना अनिवार्य होती है। यहां तक की कबाडी वाहन तोडकर के पुर्जे अलग अलग बेच दिए जाते हैं। यह देखने में आ रहा है कि कबाड़ियों द्वारा गाड़ी को कम कीमत में खरीद कर उसे परिसर में तोड़कर वाहन के पुर्जे अलग अलग बेच दिए जाते हैं।

### नियमों की अनदेखी कर हो रहा कबाड़ का कारोबार

शासन के नियमानुसार किसी भी पुराने कंडम वाहन को तोड़ने से पहले उसकी अनुमति परिवहन विभाग से प्राप्त करना होती है। जिसके लिए सबसे पहले पंजीयन विभाग में आरसी की प्रति के साथ एक आवेदन देना



होता है। आवेदन प्राप्त होने के बाद परिवहन विभाग उक्त गाडी का निरीक्षण कर वाहन तोडने की अनुमति देता है ।शासन के नियमानुसार यदि कोई वाहन जो निजी उपयोग का है। उक्त वाहन तोडने की अनुमति परिवहन विभाग जिसे परिवहन विभाग जमा करने के उपरांत अनुमति प्रदान करता है।

### व्यावसायिक वाहनों का भरना होता है टैक्स

शासन के नियमानुसार यदि कोई वाहन व्यावसायिक उपयोग का है तो वाहन फिटनेस कमर्शियल टैक्स, परमिट का पैसा आदि अनुमति प्राप्त करने की तिथि तक परिवहन विभाग को अदा करना होता है। जिसके उपरांत परिवहन विभाग द्वारा अनुमति जारी की जाती है। वाहन को काटने वाले कबाड़ी इमरान खान से जब वाहन को काटने के बारे में पूछा तो उनके द्वारा अनुमति होने की बात की। सूत्रों की मानें तो इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा लंबे समय से कार्रवाई नहीं की गई है। जिसके चलते कबाडियों के हौसले बुलंद हैं। ऐसी स्थिति में चोरी हुई गाड़ियां अथवा कोई ऐसा वाहन जिसके द्वारा कोई बडी दुर्घटना की गई है वह भी तोडकर विक्रय किया जा सकता है।

### अधिकारियों की मिलीभगत का अंदेशा

नगर में संचालित कबाड़खाना दुकान पर पूर्व में थाना सहित पुलिस द्वारा भी चोरी के माल बरामदगी की कार्रवाई की जा चुकी है, बावजूद इसके यह सिलसिला बदस्तूर रूप से जारी है। कबाड़ियों द्वारा कम दामों पर बिना अनुमति कंडम या दुर्घटनाग्रस्त वाहन खरीद कर वाहन तोड़ने का काम वर्षों से किया जा रहा है। लेकिन परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आज तक इनकी जांच नहीं की गई। जिससे प्रतीत होता है कि कहीं परिवहन विभाग के अधिकारियों से कबाड़ियों की मिली भगत तो नहीं है।

#### इनका कहना है...

यहां से सिर्फ पंजीयन निरस्त करवाया जाता है, पोर्टल पर स्केप सेंटर पर ही गाड़ी काटी जा सकती है।
**ज्ञानेंद्र वैश्य, जिला परिवहन अधिकारी राजगढ़**

आप बताओ कौन काट रहा है मैं बुलाता हूं। बिना अनुमति के कागज बताए कैसे काट सकते हैं।
**भागीरथ शाक्य, टीआई माचलपुर**

**ऐजेन्सी देना है।** हरिभूमि

**राजगढ़ जिले में एजेन्सी देना है।**

पचोर, बोड़ा, तलेन, इकलेरा, भयाना, माचलपुर, ब्यावरा, करनावास, भैसावामाता, हराना, छापीहेड़ा

पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042